Dharmesh nanda, Department of Geography
Govt. Degree College. Bagaha-1 (W. Champaran)

Geography (Hons)
B.A. part- I
Paper- II

Topic — Pakistan

Dharmesh nanda
Asst. Professor (Guest)
B.R.A. Bihar University
Muzaffarpur

पाकिस्तान (Pakistan)

पाकिस्तान भौगोलिक विविधताओं का देश है। इसके उत्तर पश्चिमी भाग में हिमालय पर्वत श्रेणी है, जिसकी ऊँचाई 8000 मीटर से अधिक है। उत्तर से दक्षिण की ओर क्रमशः हिन्दूकुश, सुलेमान एवं किरथर पर्वत श्रेणियां हैं। हिन्दूकुश पर्वत श्रेणी की ऊँचाई सुलेमान की तुलना में अधिक है। इन पर्वत श्रेणियों में कई पर्वतीय दर्रे बने हुए हैं, जिनमें खैबर, बोलन एवं गोमल प्रसिद्ध है।

पाकिस्तान के पश्चिमी भाग में बलुचिस्तान का पठार फैला हुआ है। इस पठार की ऊँचाई समुद्र तल से 300 मी० से 1000 मी० है। इस देश के उत्तर पूर्वी भाग में पोटवार का पठार स्थित है जिसकी समुद्र तल से औसत ऊँचाई 300 मी० है। इसके दक्षिण पूर्वी सीमा पर मरुस्थलीय प्रदेश स्थित है। यह मरुस्थलीय भाग भारत के पश्चिमी भाग में स्थित थार के मरुस्थल का ही अंग है।

मानसूनी जलवायु प्रदेश में स्थित होने के बावजूद पाकिस्तान की जलवायु पूर्णतः मानसूनी नहीं है। इसका कारण यह है कि सुलेमान एवं किरथर पर्वत अरब सागर से आने वाली मानसूनी पवनों को इस भाग में प्रवेश करने से रोक देते हैं। पाकिस्तान की जलवायु काफी विषम है, यहाँ ग्रीष्म ऋतु में काफी गर्मी एवं शीत ऋतु में काफी ठंड पड़ती है। पाकिस्तान का जैकोबाबाद विश्व के सर्वाधिक गर्म स्थानों में से एक है।

पाकिस्तान में वार्षिक वर्षा का औसत मात्र 35 सेमी. है।
इस देश के कुल क्षेत्रफल के केवल 4% भाग पर खेती
का विस्तार है। पाकिस्तान की कुल कृषि योग्य भूमि
के 73% भाग पर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है।

गेहूं पाकिस्तान का प्रमुख खाद्यान्न फसल है। कुल
कृषि योग्य भूमि के 55% भाग पर गेहूं की कृषि की जाती
है। यहां पश्चिमी पंजाब गेहूं का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र है।
सिन्धु नदी का बेसिन पाकिस्तान का प्रमुख कपास उत्पादक
क्षेत्र है। पाकिस्तान में जनसंख्या का सर्वाधिक घनत्व रावी
नदी के मैदानी भाग में है। कराची पाकिस्तान का प्रमुख
नगर, प्रसिद्ध बंदरगाह एवं औद्योगिक केन्द्र है। यह रेल
एवं सड़क मार्ग का केन्द्र है। पाकिस्तान का 80% अंतर्राष्ट्रीय
व्यापार इसी नगर से होता है। इस नगर की
जनसंख्या 52 लाख है। लाहौर रावी नदी के तट पर
स्थित है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत को सिंधु नदी का
प्रसाद कहा जाता है।

पाकिस्तान इस्लामी गणतंत्र या सिर्फ पाकिस्तान भारत के पश्चिम में स्थित एक इस्लामी गणराज्य है। 21 करोड़ की आबादी के साथ ये दुनिया का पांचवी बड़ी आबादी मुस्लिम है। यह 881,913 वर्ग किलोमीटर (340,509 वर्ग मील) क्षेत्र में फैला 33 वां सबसे बड़ा देश है। यहां की प्रमुख भाषाएं उर्दू, पंजाबी, सिंधी, बलूची और पश्तो हिन्दी है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद और अन्य महत्वपूर्ण नगर कराची व लाहौर रावलपिंडी है। पाकिस्तान के पांच सूबे है - पंजाब, सिंध, बलोचिस्तान, और खैबर पख्तूनख्वा। कबाइली इलाके और इस्लामाबाद भी पाकिस्तान में शामिल है। इन के अलावा आजाद कश्मीर और गिलगित - बल्तिस्तान भी पाकिस्तान द्वारा नियंत्रित है।

पाकिस्तान का जन्म सन् 1947 में भारत के विभाजन के फलस्वरूप हुआ था। सर्वप्रथम सन् 1930 में कवि (शायर) मुहम्मद इकबाल ने द्विराष्ट्र सिद्धान्त का जिक्र किया था। उन्होंने भारत के उत्तर-पश्चिम में सिंध बलूचिस्तान, पंजाब तथा अफगान (सूबा-ए-सरहद) को मिलाकर एक नया राष्ट्र बनाने की बात की थी। सन् 1933 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र चौधरी रहमत अली ने पंजाब, सिंध, कश्मीर तथा बलोचिस्तान के लोगों के लिए पाकस्तान (बाद में पाकिस्तान) शब्द का सृजन किया। सन 1947 से 1970 तक पाकिस्तान दो भागों में बंटा रहा — पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिम पाकिस्तान